स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

MCL

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
1916 2016
जन्म शताब्दी वर्ष

ମହାନଦୀ କୋଲ୍‌ଫିଲ୍ଡ୍ସ ଲିମିଟେଡ
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)
A Mini Ratna Company



एम.सी.एल. में राजभाषा कार्यान्वयन की झलकियाँ

2016-17

पंचम अंक

'बेस्ट मिनीरत्न' पीएसयू पुरस्कार

डुन एण्ड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में श्री नीरज कुमार, आईएएस, सचिव, निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से **"बेस्ट मिनी रत्न" पीएसयू, 2017** पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री ए.के.झा, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

महामहिम राष्ट्रपति महोदय से जगन्नाथ कोलियरी को प्रतिष्ठित "राष्ट्रीय खान सुरक्षा पुरस्कार"

एमसीएल, जगन्नाथ क्षेत्र के जगन्नाथ कोलियरी को भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सौजन्य से महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा **"राष्ट्रीय खान सुरक्षा पुरस्कार,"** प्रदान किया गया। पुरस्कार ग्रहण करते हुए एमसीएल के प्रतिनिधि गण ।

स्कॉच ब्लू इकॉनामी पुरस्कार-2016

एमसीएल की सीएसआर पहल और सरफेस माइनर के जरिये पर्यावरण अनुकूल खनन की पहल करने के लिए एमसीएल को स्कॉच ब्लू इकॉनामी पुरस्कार से नवाजा गया ।

MCL

ମହାନଦୀ କୋଲଫିଲ୍ଡସ ଲିମିଟେଡ
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)

अनिल कुमार झा
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
Anil Kumar Jha
Chairman-cum-Managing Director
Ph: +91 (663) 254 2855 | Fax : +91(663) 254 2366
E-mail : cmd.mcl.cil@coalindia.in

संदेश

यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि **"एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन की झलकियाँ"** का पांचवां अंक प्रकाशित हो रहा है। पत्रिका के माध्यम से एमसीएल में हो रही राजभाषा गतिविधियों, भारत सरकार की राजभाषा नीति, नियम, अधिनियम आदि से हम रू-ब-रू होंगे। भाषा किसी भी राष्ट्र के संस्कृति की वाहिका होती है। हिंदी भारत की राजभाषा एवं सशक्त संपर्क भाषा है, जो किसी न किसी रूप में देश के सभी अंचलों के जन-जन में रची-बसी है। इतना ही नहीं यह भारतीय संस्कृति की न सिर्फ वाहिका है, बल्कि संस्कृति की धरोहर भी है। इससे हम किसी प्रकार अलग नहीं रह सकते।

यह पत्रिका हमारे प्रयासो का दर्पण है इससे हमें और ज्यादा कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करने एवं अपनी कमियों को दूर करने का अवसर प्राप्त होगा।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

(अनिल कुमार झा)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

जसविन्दर पाल सिंह
निदेशक (तकनीकी/संचालन)
Jaswinder Pal Singh
Director Technical (OP)

ମହାନଦୀ କୋଲ୍‌ଫିଲ୍ଡସ ଲିମିଟେଡ
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)

संदेश

मुझे यह जानकार अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि राजभाषा विभाग द्वारा **"राजभाषा कार्यान्वयन की झलकियाँ"** के पंचम अंक का प्रकाशन किया जा रहा है।

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में राजभाषा नीतियों के अनुपालन एवं कार्यान्वयन से जुड़ी सभी जानकारियों/उपलब्धियों को समेकित कर इसे पत्रिका के रूप में प्रकाशित करना नि:संदेह राजभाषा विभाग का सराहनीय प्रयास है। राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों का सहयोग भी प्रशंसनीय है।

आज विभिन्न आधुनिक तकनीकी के माध्यम से हिन्दी में कार्य करना बहुत सरल और सुगम हो गया है। हमारी कंपनी तकनीकी क्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है । तकनीकी के बढ़ते प्रयोग को राजभाषा कार्यान्वयन में भी प्रयुक्त करना होगा। इसके लिए हमें नई-नई प्रोद्योगकी से युक्त साधनों का अधिकतम प्रयोग करना होगा। इसके लिए थोड़ी सी जानकारी और इच्छाशक्ति बढ़ाने की आवश्यकता है

आप सभी को पत्रिका के सफल प्रकाशन एवं सम्पादन के लिए बधाई।

11/9/2017
(जे.पी. सिंह)
निदेशक (तकनीकी/संचालन)

MCL

ମହାନଦୀ କୋଲଫିଲ୍ଡସ ଲିମିଟେଡ
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)

लीला नन्द मिश्रा
निदेशक (कार्मिक)

संदेश

एमसीएल में **"राजभाषा कार्यान्वयन की झलकियाँ"** के पंचम अंक के प्रकाशन पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

एमसीएल में हम राजभाषा हिन्दी की उत्तरोत्तर प्रगति, प्रचार-प्रसार तथा भारत सरकार की राजभाषा नीति के पूर्णतया अनुपालन के लिए कटिबद्ध हैं। राष्ट्र को विकसित श्रेणी में लाने के लिए सर्वप्रथम उसे अपनी राजभाषा का विकास करना होता है।

हिन्दी में कार्य करने के लिए कर्मचारियों की रुचि बढ़ाने तथा एक अच्छा वातावरण बनाने में इस प्रकार की पत्रिका अहम भूमिका निभाएगी, ऐसा मुझे विश्वास है। शुरुआत छोटे-छोटे वाक्यों/शब्दों से करनी होगी। यदि हम पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे तो धीरे-धीरे हमारे कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी अपना स्थान सुगमता से बनाती जाएगी।

प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने देश, अपनी भाषा, अपनी संस्कृति, अपनी मातृभाषा एवं मातृभूमि के उत्थान में अपने सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करें।

पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए इससे जुड़े सभी कार्मिकों को मेरी हार्दिक बधाई।

(लीला नन्द मिश्रा)
निदेशक(कार्मिक), एम.सी.एल.

मुनव्वर खुर्शीद भा.रे.सु.ब.
मुख्य सतर्कता अधिकारी

ମହାନଦୀ କୋଲ୍‌ଫିଲ୍ଡ୍ସ ଲିମିଟେଡ
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)

संदेश

मुझे यह जानकर अपार हर्ष हो रहा है कि एमसीएल के राजभाषा विभाग द्वारा **"राजभाषा कार्यान्वयन की झलकियाँ"** का पंचम अंक प्रकाशित किया जा रहा है, जो राजभाषा से जुड़ी सभी गतिविधियों का संकलन है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिन्दी विश्व की विशाल जनसंख्या द्वारा व्यवहार में लाई जानेवाली भाषा बन गई है। हिन्दी का सामर्थ्य सिर्फ बातचीत तक ही नहीं बल्कि ज्ञान-विज्ञान एवं साहित्य की रचनाएँ भी इसी भाषा में प्रकाशित होने लगी हैं। इसमें तकनीकी शब्दावली का विशाल भंडार है। हिन्दी की स्वीकार्यता इसमें निहित लचीलापन, संप्रेषणीयता एवं सृजनशीलता ही इसकी विशेषता है, इन्ही गुणों के कारण हिन्दी राजभाषा के पद पर प्रतिष्ठित होने में सफल हुई है। कार्यालयीन कार्यों में इसके अधिक से अधिक प्रयोग से ही अपने सम्मान अभिव्यक्ति में सक्षम होगी।

पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ ।

मुनव्वर 11/9/17

(मुनव्वर खुर्शीद)
मुख्य सतर्कता अधिकारी

MCL

ମହାନଦୀ କୋଲଫିଲ୍ଡସ ଲିମିଟେଡ
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)

ओम प्रकाश सिंह
निदेशक(तकनीकी/योजना एवं परियोजना)

संदेश

राजभाषा विभाग द्वारा **"राजभाषा कार्यान्वयन की झलकियाँ"** पत्रिका के अब तक नियमित रूप से चार अंक प्रकाशित हो चुके हैं और अब पांचवे अंक का प्रकाशन हर्ष का विषय है। हिन्दी जन-जन की भाषा है और इसे विश्व की भाषा बनाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए।

राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन और इसके सतत प्रचार-प्रसार में यह पत्रिका अहम भूमिका निभाएगी, ऐसा विश्वास है। इस पत्रिका का उद्देश्य ही अधिकारियों/कर्मचारियों में हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाना है और उन्हें हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस प्रकार के सार्थक प्रयासों से कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में राजभाषा हिन्दी के प्रति सजगता बढ़ेगी और वे अपना दैनिक कार्यालयीन कामकाज हिन्दी में सरलता से कर सकेंगे।

मैं पत्रिका के संपादन से जुड़े सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

ओम प्रकाश सिंह

(ओम प्रकाश सिंह)
निदेशक(तकनीकी/योजना एवं परियोजना)

बी.सी.त्रिपाठी
महाप्रबंधक (प्र.प्रशि.सं./राजभाषा/मा.सं.वि.)

ମହାନଦୀ କୋଲ୍‌ଫିଲ୍ଡ୍ସ ଲିମିଟେଡ
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)

संदेश

पत्रिका **"एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन की झलकियाँ"** का पाचवाँ अंक नये कलेवर और साज-सज्जा के साथ आपको सौंपते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। हम सभी जानते हैं कि राजभाषा हिन्दी एक सहज, सरल, और मधुर संपर्क भाषा है। यह भारतीय सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनैतिक एकता की कड़ी तो है ही इसके साथ ही भूमंडलीकरण हेतु एकता की कड़ी होने का सामर्थ्य भी इसमें है।

भारत में भाषायी विविधता है। हिन्दी ही विविधताओं को संजोए रखने हेतु एकमात्र माध्यम है। एमसीएल भारत सरकार की राजभाषा नीति का पूर्णत: अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यालय एवं क्षेत्रों में राजभाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियां पत्रिका में प्रतिबिम्बित हैं। हम अपना अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करें ताकि हमारी कंपनी जिस प्रकार अन्य गतिविधियों में अग्रणी है उसी प्रकार राजभाषा के क्षेत्र में भी अग्रणी हो सके।

पत्रिका के संबंध में आपकी प्रतिक्रिया पाकर मैं अनुगृहित होऊँगा ताकि आगामी अंक को हम और अधिक परिष्कृत कर सके ।

बी.सी.त्रिपाठी
15.09.2017

(बी.सी.त्रिपाठी)
महाप्रबंधक(प्र.प्रशि.सं./राजभाषा/मा.सं.वि.)

वर्ष 2016-17 में एमसीएल की राजभाषा गतिविधियों की एक झलक:

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें -

कार्पोरेट स्तर पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकों का आयोजन क्रमश: दिनांक 24.05.2016, 28.07.2016, 27.10.2016 एवं 31.01.2017 को किया गया है। बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा अगली बैठक में की जाती हैं। इसी प्रकार एमसीएल के सभी क्षेत्रों में भी क्षेत्रों के लिए जारी वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं।

राजभाषा कार्यशाला -

वर्ष 2016-17 में एमसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों में कुल 09 राजभाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को भारत सरकार के राजभाषा नीति, नियमों और विनियमों से परिचय कराया गया तथा उन्हें हिन्दी में टिप्पणी और मसौदा तैयार करने का अभ्यास भी कराया गया । इस 09 कार्यक्रमों में कुल 459 अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया ।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर का संचालन -

सम्बलपुर स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों, बैंकों एवं उपक्रमों आदि में से एमसीएल एक बड़ा सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा एमसीएल को नराकास, संबलपुर के संचालन की जिम्मेवारी सौंपी गई है । वर्तमान में सदस्य कार्यालयों की संघ्या-46 है । वर्ष 2016 में क्रमश: 23.06.2016 एवं 29.11.2016 को बैठकें आयोजित की गई जिनमें संबलपुर स्थित केन्द्रीय सरकार के 46 कार्यालयों, बैंकों एवं उपक्रमों के कार्यालय प्रमुख एवं उनके प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए।

सभी सदस्य कार्यालयों में राजभाषा नीति के बेहतर अनुपालन के लिए प्रोत्साहन स्वरुप वर्ष 2015 एवं 2016 में नराकास, संबलपुर द्वारा "राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता " आयोजित की गई, जिसमें दोनों वर्षों में बेहतर राजभाषा कार्यान्वयन के लिए एमसीएल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया ये पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से एमसीएल को प्रदान किया गया।

इसके अलावा सभी सदस्य कार्लयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की गतिशीलता को बढ़ाने के लिए अंतर कार्यालयीन राजभाषा प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है।

भाषा प्रशिक्षण -

कैलेण्डर वर्ष 2016 के दौरान मई, 2016 सत्र तथा नवम्बर, 2016 सत्र में 107 कुल 192 कार्मिक हिंदी प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हुए। यह उल्लेखनीय है कि इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण कार्मिकों को कोल इंडिया लिमिटेड के

नियमानुसार प्राप्तांक के आधार पर एकमुश्त नगद पुरस्कार दिया जाता है। इसके अलावा प्राज्ञ/अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कार्मियों को जुलाई 2009 से 01 वर्ष के लिए 01 वेतनवृद्धि के बराबर की राशि एकमुश्त प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है।

कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण/यूनिकोड प्रशिक्षण -

एमसीएल मुख्यालय में गत 20 से 25 जून, 2016 को कम्प्यूटर पर यूनिकोड समर्थित हिंदी टंकण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कुल 44 कार्मिक प्रशिक्षित हुए। इसी प्रकार दिनांक 20 से 25 फरवरी, 2017 तक हिंदी यूनिकोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें 43 अधिकारियों/कर्मचारियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

हिंदी दिवस/राजभाषा पखवाडा का आयोजन -

दिनांक 14.09.2016 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया एवं 14 से 28 सितम्बर, 2016 तक राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इसी प्रकार दिनांक 14 से 28 सितम्बर, 2016 तक क्षेत्रों में भी राजभाषा पखवाडा मनाया गया। इस दौरान हिंदी निबंध लेखन, वाद-विवाद, टिप्पण-आलेखन एवं कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त गृहणियों के लिये प्रश्न मंच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दिनांक 28.09.2016 को राजभाषा पखवाड़ा के समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के करकमलों से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन एवं गजल का आयोजन -

एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन के अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से विभिन्न अवसरों पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश के कोने-कोने से जाने-माने कविगण भाग लेते है। दिनांक 28.09.2016 को राजभाषा पखबाड़ा के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन एवं दिनांक 30.10.2016 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर की गजल का आयोजन किया गया।

विश्व हिंदी दिवस -

10 जनवरी, 2017 को एमसीएल मुख्यालय में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राजभाषा सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी के विद्वान वक्ताओं को आमंत्रित किया गया एवं उन्हें सम्मानित किया गया।

हिंदी पुस्तकों की खरीदी -

एमसीएल मुख्याल में हिंदी, ओड़िया एवं अंग्रेजी पुस्तकों की एक पुस्तकालय संचालित है। वर्ष 2016-17 के दौरान पुस्तकों की खरीदी पर कुल व्ययित राशि रू 1,05,000.00 में से रू 59,584.00 का हिंदी एवं ओड़िया किताबों की खरीदी की गई, जो राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य (50%) से अधिक (58%) है।

राजभाषा पोर्टल -

वर्ष 2016 से राजभाषा पोर्टल की शुरुआत की गई है, जिसमें सभी प्रकार की राजभाषा गतिविधियाँ का विवरण सविस्तार उपलब्ध किया गया है ।

राजभाषा कार्यान्वयन में यूनिकोड का उपयोग -

कंपनी में कार्यरत कुल 1493 कंप्यूटरों में हिंदी यूनिकोड सक्रिय है। कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण इन कंप्यूटरों पर सहजतापूर्वक हिंदी में कार्य करते हैं।

एमसीएल राजभाषा पुरस्कार योजना -

एमसीएल में राजभाषा नीति के बेहतर अनुपालन के लिए क्षेत्रों एवं विभागों के लिए राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार योजना शुरु की गई है, जिसमें वर्ष 2015-16 हेतु क्षेत्रों/ईकाईयों/विभागों के लिए कुल 09 पुरस्कार का चयन किया गया, जिसे दिनांक 10 जनवरी, 2017 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के कर-कमलों से पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

राजभाषा पत्रिका -

राजभाषा विभाग के विभिन्न गतिविधियों की एक हिंदी पत्रिका "एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन की झलकियाँ" के चतुर्थ अंक का विमोचन 28 सितम्बर, 2016 को राजभाषा पखवाड़ा के समापन समारोह-सह-पुरस्कार वितरण समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक महोदय के कर-कमलों द्वारा किया गया।

इसी प्रकार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की हिंदी गृह पत्रिका "संबलप्रभा" के चतुर्थ अंक का विमोचन दिनांक 23.06.2016 की नराकास की बैठक में अध्यक्ष महोदय एवं श्री अजय मलिक, उप निदेशक (कार्यान्वयन) पूर्व क्षेत्र कोलकाता के कर-कमलों द्वारा किया गया ।

राजभाषाई निरीक्षण -

राजभाषा कार्यान्वयन को गति देने के लिये वर्ष 2016-17 में कुल 10 क्षेत्रों एवं मुख्यालय के 12 विभागों का राजभाषाई निरीक्षण किया गया.

राजभाषा पुरस्कार एवं सम्मान -

राजभाषा नीति के बेहतर अनुपालन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर द्वारा आयोजित नराकास राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता में एमसीएल को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

वर्ष 2016-17 के दौरान एमसीएल को विभिन्न गैर सरकारी संगठनों द्वारा राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिये सम्मान स्वरूप पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान किया गया जो निम्नवत है:

1. राजभाषा एवं प्रबंधन संस्था, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त सम्मान -

दिनांक 17 से 19 मई 2016, तक कन्याकुमारी में आयोजित 30 वां हिंदी सम्मेलन में एमसीएल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया।

2. भारतीय भाषा एवं संस्कृति केंद्र, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त सम्मान -

दिनांक 26 से 28 मई 2016, तक ऊटी में आयोजित 23 वें अखिल भारतीय राजभाषा प्रशिक्षण शिविर में राजभाषा के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य निष्पादन के लिए एमसीएल को "राजभाषा मुकुटमणि पुरस्कार" से नवाजा गया।

3. विश्व हिंदी कार्यान्वयन परिषद परिवर्तन जन कल्याण समिति नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त सम्मान -

दिनांक 26 से 28 मई 2016, तक कोवलम बीच त्रिवेन्द्रम केरल में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में "ग" क्षेत्र में हिंदी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए एमसीएल को राजभाषा विशिष्ट सम्मान शील्ड से नवाजा गया।

4. राजभाषा सेवा संस्थान नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त सम्मान -

मुन्नार में दिनांक 01 से 03 जून 2016 तक आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं चिंतन शिविर में राजभाषा अनुपालन प्रतियोगिता में एमसीएल को प्रथम पुरस्कार एवं श्रेष्ठ हिंदी पत्रिका प्रतियोगिता में नराकास, संबलपुर की गृह पत्रिका संबलप्रभा को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

5. राजभाषा विकास संस्थान देहरादून द्वारा प्रदत्त सम्मान -

उज्जैन में दिनांक 09 से 11 नवंबर, 2016 तक आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी में एमसीएल में राजभाषा हिंदी के बेहतर कार्यान्वयन हेतु एमसीएल को "**राजभाषा श्री सम्मान**" से नवाजा गया।

भारत माता के माथे की बिंदी
हमारी राजभाषा हिंदी

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए राजभाषा कार्यक्रमों का
वार्षिक कैलेण्डर, 2017-18

क्र.सं.	क्षेत्र का नाम	कार्यशाला	तिमाही बैठक (तिमाही वार)	राजभाषा पखववाड़ा
1.	तालचेर	मई, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सितम्बर, 2017 तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जाना प्रस्तावित है।
2.	जगन्नाथ	जुलाई, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
3.	भरतपुर	अक्टूबर, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
4.	हिंगुला	फरवरी, 2018	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
5.	केंद्रीय कर्मशाला, तालचेर	मार्च, 2018	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
6.	लिंगराज	दिसम्बर, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
7.	ईब वैली	अप्रैल, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
8.	ओरियेंट	जून, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
9.	बसुन्धरा	अगस्त, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
10.	लखनपुर	नवंबर, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
11.	केंद्रीय कर्मशाला, ईबवैली	जनवरी, 2018	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
12.	कनिहा	दिसम्बर, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
13.	एनएससीएच, तालचेर	मई, 2017	माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	
14.	एमसीएल कार्यालय, भुवनेश्वर		माह- अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर तथा जनवरी	

क्षेत्रीय कार्यालय अपने पूरे कोयलांचल (ईब/तालचेर) के लिए राजभाषा कार्यशाला का आयोजन करेंगे जिसमें कोयलांचल स्थित अन्य क्षेत्रों से प्रतिभागियों को बुलाएंगे।

तिमाही की समाप्ति के बाद 5 तारीख तक तिमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग, मुख्यालय को अनिवार्य रूप से भेजेंगे।

एमसीएल मुख्यालय के लिए राजभाषा कार्यक्रमों का

वार्षिक कैलेण्डर, 2017-18

महीनों के नाम	कार्यक्रमों के नाम
अप्रैल, 2017	तिमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट भेजना एवं तिमाही बैठक
मई, 2017	राजभाषा कार्यशाला - 27.05.2017, एमसीएल एवं अनुषंगी कंपनियों के लेखा के वार्षिक रिपोर्ट का अनुवाद
जून, 2017	नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की बैठक एमसीएल एवं अनुषंगी कंपनियों के लेखा के वार्षिक रिपोर्ट का अनुवाद
जुलाई, 2017	तिमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट भेजना एवं तिमाही बैठक
अगस्त, 2017	कार्यशाला
सितम्बर, 2017	राजभाषा पखवाड़ा/हिंदी दिवस का आयोजन/सांस्कृतिक कार्यक्रम 14.09.2017 से 28.09.2017 तक
अक्टूबर, 2017	तिमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट भेजना एवं तिमाही बैठक
नवंबर, 2017	नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की बैठक/भाषा प्रशिक्षण की परीक्षा एवं कार्यशाला
दिसम्बर, 2017	टंकण प्रशिक्षण छः दिन - 04.12.2017 से 09.12.2017 तक
जनवरी, 2018	तिमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट भेजना/ विश्व हिंदी दिवस/राजभाषा सेमिनार - 10.01.2018 तिमाही बैठक
फरवरी, 2018	अनुवाद प्रशिक्षण - 12.02.2018 से 16.02.2018 तक
मार्च, 2018	नामित राजभाषा अधिकारियों की बैठक एवं वार्षिक कार्यक्रम - 2018-19 पर चर्चा।

राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3)

राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के कुल 14 कागजात :

- इसके अंतर्गत आनेवाले निम्नलिखित कागजातों को द्विभाषी रूप में जारी करना वैधानिक रूप से आवश्यक ही नहीं बल्कि अनिवार्य है, ये निम्न प्रकार हैं :-
- संकल्प,सामान्य आदेश, नियम, अधिसूचनाएं, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन तथा प्रेस विज्ञप्तियॉं ।
- Resolutions, General Orders, Rules, Notifications, Administrative and other reports and Press communiqués.
- संविदाएं, करार, अनुज्ञप्तियां, अनुज्ञा पत्र, निविदा–सूचनाएं तथा निविदा प्रारूप,संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखे जानेवाले प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदन और राजकीय कागजात ।
- Contracts, Agreements, Licenses, Permits, Tender Notices and Tender Forms, Administrative and other Reports and Official Documents to be laid down before a House or Houses of Parliament.

कोल इंडिया या एमसीएल से संबंधित धारा 3(3) के सिर्फ निम्न 07 कागजात जिन्हें द्विभाषी करना है

- सामान्य आदेश - General Orders,
- प्रेस विज्ञप्तियां - Press Communiqués
- निविदा सूचनाएं तथा निविदा प्रारूप - Tender Notices &Tender Forms .
- करार - Agreements.
- संविदाएं - Contracts.
- प्रशासनिक या अन्य रिपोर्ट - Administrative and other Reports
- कोयला विक्रय आदेश - Coal Sale Orders

सामान्य आदेश/ General Orders

राजभाषा अधिनियम,1963 की धारा 3(3) के अनुसार सामन्य आदेश में निम्नलिखित सम्मिलित हैं-:

- ऐसे सभी आदेश,निर्णय या अनुदेश जो विभागीय प्रयोग के लिए और जो स्थायी प्रकार के हों।
- ऐसे सभी आदेश,अनुदेश,पत्र,ज्ञापन,नोटिस आदि जो सरकारी कर्मचारियों के समूह अथवा समूहों के संबंध में हों या उनके लिए हों ।
- ऐसे सभी परिपत्र जो विभागीय प्रयोग के लिए हों या सरकारी कर्मचारियों के लिए हों ।

राजभाषा नियम -1976

- केंद्रीय सरकार ने प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुल 12 नियम बनाए हैं जो तमिलनाडु के सिवाय संपूर्ण भारत पर लागू हैं। राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की दृष्टि से भारत के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वर्गीकृत किया गया है-:
- क-क्षेत्र : बिहार, झारखंड ,हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल,दिल्ली तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र ।
- ख-क्षेत्र : गुजरात,महाराष्ट्र, पंजाब तथा चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र
- ग-क्षेत्र : उपर्युक्त क - क्षेत्र एवं ख - क्षेत्र में न शामिल किए गए शेष सभी राज्य /संघ राज्य क्षेत्र ग -क्षेत्र में आते हैं । अत: ओड़िशा स्थित महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड भी शामिल है ।

राजभाषा नियम 1976 के प्रमुख नियम

- नियम-5 : इसके अंतर्गत किसी भी कार्यालय या व्यक्ति से प्राप्त होनेवाले हिंदी पत्रों का जवाब हिंदी में देना अनिवार्य है।
- नियम-6 : धारा 3(3) के अंतर्गत आनेवाले समस्त दस्तावेज हिंदी एवं अंग्रेजी में जारी करना अनिवार्य है।
- नियम-7 : कोई आवेदन,अभ्यावेदन या अपील अंग्रेजी में बनाया गया हो एवं उस पर हिंदी में हस्ताक्षर किए गए हों तो उसका उत्तर हिंदी में दिया जाएगा। यदि कोई कर्मचारी यह चाहता है कि सेवा संबंधी विषयों)यथा -अनुशासनिक कार्यवाहियाँ(से संबंधित कोई आदेश या सूचना,जिसका कर्मचारी पर तामिल किया जाना अपेक्षित है, हिंदी या अंग्रेजी में होना चाहिए, तो वह उसे अबिलम्ब उसी भाषा में दी जाएगी।
- कोई कर्मचारी किसी फाइल पर टिप्पणी या मसौदा हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकता है। उससे दूसरी भाषा में अनुवाद की अपेक्षा नहीं की जाएगी।
- केंद्रीय सरकार का कोई भी कर्मचारी जो हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखता है,हिंदी में किसी दस्तावेज के अंग्रेजी अनुवाद की मांग तभी कर सकता है जब वह दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का हो, अन्यथा नहीं।
- विधिक दस्तावेज का निर्धारण कार्यालय प्रमुख करेगा।

. नियम-8(4) : केंद्र सरकार आदेश द्वारा ऐसे अधिसूचित कार्यालयों को विनिर्दिष्ट (specify) कर सकती है,जहां कर्मचारियों को हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है। इसके पश्चात वहाँ नोटशीट, पत्राचार तथा अन्य शासकीय प्रयोजनों के लिए केवल हिंदी में कार्य किया जाएगा।

नियम- 9 : हिंदी में प्रवीणता प्राप्त:

- यदि किसी कर्मचारी ने मैट्रिक या समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिंदी माध्यम में पास की है,या
- स्नातक या समतुल्य या उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिंदी को एक बैकल्पिक विषय के रूप में लिया हो,या
- वह स्वयं विहित फार्म में हिंदी में अपनी प्रवीणता घोषित कर दे, तो यह समझा जाएगा कि उसने हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर ली है।

·नियम - 10 : हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान:

- यदि किसी कर्मचारी ने मैट्रिक या समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिंदी विषय के साथ पास की है, या
- केंद्रीय सरकार के हिंदी शिक्षण योजना के तहत आयोजित प्राज्ञ परीक्षा या उस निमित्त विनिदिष्ट कोई अन्य परीक्षा पास की हो , या
- वह स्वयं विहित फार्म में हिंदी में अपने कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त किए जाने की घोषणा कर दे, तो यह समझा जाएगा कि उसने हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

नियम – 10(4) :

- केन्द्रीय सरकार के जिन कार्यालयों के 80% कर्मचारियों/ अधिकारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, उन कार्यालयों के नाम नियम 10(4) के तहत राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे, परन्तु,
- केन्द्रीय सरकार की राय है कि किसी अधिसूचित कार्यालय में काम करने वाले और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत किसी तारीख से 80% से कम हो गया है, तो वह राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उद्घोषित कर सकती है कि उक्त कार्यालय उस तारीख से अधिसूचित कार्यालय नहीं रह जाएगा।

राजभाषा नियम - 11 :

- केंद्र सरकार से संबंधित सभी मैनुअल,संहिताएं और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में जारी होंगे।
- रजिस्टरों के प्रारूप और शीर्षक द्विभाषी(हिंदी एवं अंग्रेजी) रूप में होंगे।
- केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के सभी नामपट्ट, सूचनापट्ट ,पत्र शीर्ष एवं लिफाफा पर लिखे गए लेख तथा लेखन सामग्री की अन्य मदें द्विभाषी(हिंदी एवं अंग्रेजी) रूप में होंगे।

राजभाषा नियम – 12 :

अनुपालन का उत्तरदायित्व/ Responsibility of implementation

केंद्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का उत्तरदायित्व है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय में राजभाषा अधिनियम, नियमों, वार्षिक कार्यक्रमों का समुचित अनुपालन/ कार्यान्वयन किया जा रहा है।

राजभाषा नीति संबंधी प्रमुख निदेश

1. राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत संकल्प, सामान्य आदेश, नियम, अधिसूचनाएं, प्रशासनिक व अन्य रिपोर्टें, प्रेस विज्ञप्तियां, संसद के किसी सदन या दोनों सदनों के समक्ष रखी जाने वाले प्रशासनिक तथा अन्य रिपोर्टें सरकारी कागजात, संविदा, करार, अनुज्ञप्तियां, अनुज्ञा-पत्र, निविदा सूचनाएं और निविदा प्रपत्र द्विभाषिक रूप में, अंग्रेजी और हिंदी दोनों में जारी किए जाएं। किसी प्रकार के उल्लंघन के लिए हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

2. अधीनस्थ सेवाओं की भर्ती परीक्षाओं में अंग्रेजी के अनिवार्य प्रश्न पत्र को छोड़कर शेष विषयों के प्रश्न पत्रों के उत्तर हिंदी में भी देने की छूट दी जाए और ऐसे प्रश्न पत्र द्विभाषी रूप से हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराए जाएं। साक्षात्कार में भी वार्तालाप में हिंदी माध्यम की उपलब्धता अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए।

केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों तथा उनसे संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों तथा केंद्र सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रणाधीन निगमों, उपक्रमों, बैंकों आदि में सभी सेवाकालीन विभागीय तथा पदोन्नति परीक्षाओं में (अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाओं सहित) अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्रों के उत्तर हिंदी में भी देने की छूट दी जाए। प्रश्न पत्र अनिवार्यत: दोनों भाषाओं (हिंदी और अंग्रेजी) में तैयार कराए जाएं। जहां साक्षात्कार लिया जाना हो, वहां भी प्रश्नों के उत्तर हिंदी में देने का विकल्प दिया जाए।

3. सभी प्रकार की वैज्ञानिक/तकनीकी संगोष्ठियों तथा परिचर्चाओं आदि में वैज्ञानिकों आदि को राजभाषा हिंदी में शोध पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाए। उक्त शोध पत्र संबद्ध मंत्रालय/विभाग/कार्यालय आदि के मुख्य विषय से संबंधित होने चाहिए।

4. 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में सभी प्रकार का प्रशिक्षण, चाहे वह अल्पावधि का हो अथवा दीर्घावधि का, सामान्यत: हिंदी माध्यम से होना चाहिए। 'ग' क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण सामग्री हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार कराई जाए और प्रशिक्षणार्थी की मांग के अनुसार हिंदी या अंग्रेजी में उपलब्ध कराई जाए।

5. केंद्र सरकार के कार्यालयों में जब तक हिंदी टंकण करने वाले व हिंदी आशुलिपिक संबंधी निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लिए जाते, तब तक उनमें केवल हिंदी टंकण करने वाले व हिंदी आशुलिपिक ही भर्ती किए जाएं।

6. अंतर्राष्ट्रीय संधियों और करारों को अनिवार्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार कराया जाए। विदेशों में निष्पादित संधियों और करारों के प्रामाणिक अनुवाद तैयार कराके रिकॉर्ड के लिए फाइल में रखे जाएं।

7. राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित बैंकों की शाखाओं में निम्नलिखित कार्य हिंदी में किए जाएं-

ग्राहकों द्वारा हिंदी में भरे गए आवेदनों और ग्राहकों की सहमति से अंग्रेजी में भरे गए आवेदनों पर जारी किए जाने वाले मांग ड्राफ्ट, भुगतान आदेश, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, सभी प्रकार की सूचियां, विवरणियां,सावधि जमा रसीदें, चैक बुक संबंधी पत्र आदि, दैनिक बही, मस्टर, प्रेषण बही, पास बुक, लॉग बुक में प्रविष्टियां, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, सुरक्षा एवं ग्राहक सेवा संबंधी कार्य, नये खाते खोलना, लिफाफों पर पते लिखना, कर्मचारियों के यात्रा भत्ते, अवकाश, भविष्य निधि, आवास निर्माण अग्रिम, चिकित्सा संबंधी कार्य, बैठकों की कार्यसूची, कार्यवृत्त आदि।

8. विदेश स्थित भारतीय कार्यालयों सहित सभी मंत्रालयों/विभागों आदि की लेखन सामग्री, नाम पट्ट, सूचना पट्ट, फार्म प्रक्रिया संबंधी साहित्य, रबड़ की मोहरें, निमंत्रण पत्र आदि अनिवार्य रूप से हिंदी-अंग्रेजी में बनवाए जाएं।

9. भारत सरकार के मंत्रालयों, कार्यालयों, विभागों, बैंकों, उपक्रमों आदि द्वारा असांविधिक प्रक्रिया साहित्य जैसे नियम, कोड, मैनुअल, मानक फार्म आदि का अनुवाद कराने के लिए केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो को भेजा जाए।

10. अनुवाद कार्य तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से जुड़े सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो में अनिवार्य अनुवाद प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाए। ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों को भी अनुवाद के प्रशिक्षण पर नामित किया जा सकता है, जिन्हें स्नातक स्तर पर हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं का ज्ञान हो तथा जिनकी सेवाओं का उपयोग कार्यालय द्वारा इस कार्य के लिए किया जा सकता है।

11. भारतीय प्रशासनिक सेवा और अन्य अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के लिए लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में प्रशिक्षण के दौरान हिंदी भाषा का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाता है ताकि सरकारी कामकाज में वे इसका प्रयोग कर सकें। तथापि, अधिकांश अधिकारी सेवा में आने के पश्चात सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग नहीं करते। इससे उनके अधीन कार्य कर रहे अधिकारियों/कर्मचारियों में सही संदेश नहीं जाता। परिणामस्वरूप, सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग अपेक्षित मात्रा में नहीं हो पाता। मंत्रालयों/विभागों/ कार्यालयों/उपक्रमों आदि के वरिष्ठ अधिकारियों का यह संवैधानिक दायित्व है कि वह अपने सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करें। इससे उनके अधीन कार्य कर रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रेरणा मिलेगी तथा राजभाषा नीति के अनुपालन में गति मिलेगी।

12. सभी मंत्रालय/विभाग आदि हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए चलाई गई विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं का अपने संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों में भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक अधिकारी/कर्मचारी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें और सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो।

13. तिमाही प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन सिस्टम द्वारा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 30 दिन के भीतर राजभाषा विभाग को उपलब्ध करा दी जाए।

14. सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अधिकारियों/कर्मचारियों को सुग्राही बनाने की दृष्टि से यह आवश्यक है कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा को मात्र राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों तक ही सीमित न रखा जाए। इस संबंध में मॉनीटरिंग को और अधिक प्रभावी और कारगर बनाने के लिए यह जरूरी है कि मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के प्रशासनिक प्रधानों द्वारा ली जाने वाली प्रत्येक बैठक में इस पर नियमित रूप से विस्तृत चर्चा की जाए और इसे कार्यसूची की एक स्थायी मद के रूप में शामिल किया जाए।

15. हिंदी में कार्य करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं के संबंध में जारी किए गए नये दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यशाला की न्यूनतम अवधि 01 कार्य दिवस की होगी। कार्यशाला में न्यूनतम दो तिहाई समय कार्यशाला से संबंधित विषयों पर हिंदी में कार्य करने का अभ्यास करवाने में लगाया जाए। राजभाषा विभाग द्वारा कार्यशाला में प्रयोग हेतु 'कार्यशाला संदर्शिका' वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गई है।

16. प्रशिक्षण और कार्यशालाओं सहित राजभाषा हिंदी संबंधी कार्य कर रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय में बैठने के लिए अच्छा व समुचित स्थान एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वाह ठीक तरह से कर सकें।

17. राजभाषा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मंत्रालय/विभाग/कार्यालय आदि नियमित रूप से अपने कर्मचारियों को नामित करें और नामित कर्मचारियों को निदेश दें कि वे नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहें, पूरी तत्परता से प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा परीक्षाओं में बैठें। प्रशिक्षण को बीच में छोड़ने या परीक्षाओं में न बैठने वाले मामलों को कड़ाई से निपटा जाए।

18. अनुवादकों को सहायक साहित्य, मानक शब्दकोश (अंग्रेजी-हिंदी व हिंदी-अंग्रेजी) तथा अन्य तकनीकी शब्दावलियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि वे अनुवाद कार्य में इनका उपयोग कर सकें।

19. सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय आदि हिंदी में प्रशिक्षण के लिए नामित अधिकारियों/कर्मचारियों के लाभ के लिए 'लीला' (लर्निंग इंडियन लैंग्वेज थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) हिंदी प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ आदि सॉफ्टवेयर के उपयोग के लिए कम्प्यूटर की सुविधा उपलब्ध करवाएं।

20. सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय आदि अपने-अपने दायित्वों से संबंधित विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करने तथा अपने विषयों से संबंधित शब्द भंडार को समृद्ध करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

21. अपने कार्य-व्यवहार में आम जीवन में प्रचलित शब्दों के प्रयोग पर बल दिया जाए, ताकि सामान्य नागरिक तक सरकारी नीतियों/ कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

22. सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय आदि अपने केंद्रीय सेवाओं के प्रशिक्षण संस्थानों में राजभाषा हिंदी में प्रशिक्षण की व्यवस्था उसी स्तर पर करें, जिस स्तर पर लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में कराई जाती है और अपने विषयों से संबंधित साहित्य का सृजन करवाएं, जिससे प्रशिक्षण के बाद अधिकारी अपना सरकारी कामकाज सुविधापूर्वक राजभाषा हिंदी में कर सकें। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम मल्टीमीडिया प्रॉजेक्टर, लैपटॉप आदि के माध्यम से आडियो/विजुअल रूप मे दिया जाए।

23. सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/संस्थान आदि अपने कार्यालय में हिंदी में कार्य का माहौल तैयार करने के लिए हिंदी पत्रिकाओं का प्रकाशन कर रहे हैं। इन पत्रिकाओं में विशेषकर उक्त कार्यालय के सामान्य कार्यों तथा राजभाषा हिंदी से संबंधित मौलिक आलेख प्रकाशित किए जाएं।

24. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की छमाही बैठकों में सदस्य कार्यालय के प्रशासनिक प्रमुख अनिवार्य रूप से भाग लें।

25. सभी मंत्रालय विभाग अपने संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों के बारे में वर्ष 2016-17 के वार्षिक कार्यक्रम से संबंधित समेकित अनुपालन रिपोर्ट राजभाषा विभाग को 31 मई, 2017 तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

26. कम्प्यूटर पर हिंदी प्रयोग के लिए केवल यूनिकोड इनकोडिंग का प्रयोग किया जाए।

27. यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मंत्रालयों/ विभागों आदि द्वारा प्रयोग में लाई जा रही कंप्यूटर प्रणालियों में हिंदी में कार्य करने की सुविधा हो और उसका प्रयोग किया जाए।

28. मंत्रालयों/विभागों के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि में राजभाषा का संवर्ग गठित होना चाहिए, जो कि कुल पदों के अनुरूप हो। उन सब के लिए वही वेतनमान मंजूर किए गए हैं जो कि केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग को प्रदान किए गए हैं।

29. हिंदी कार्यशालाओं में हिंदी लेखन अभ्यास पर बल दिया जाए तथा यूनिकोड इनकोडिंग, ई-मेल, डिक्टेशन का उपयोग करना भी सिखाया जाए।

30. कार्यालय-प्रमुखों को कामकाज में मूल रूप से हिंदी का प्रयोग करने की पहल करनी चाहिए।

31. हिंदी भाषा का ज्ञान राजभाषा के कार्यान्वयन का आधार है | अत: सभी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए भी कम से कम एक सत्र होना चाहिए |

32. राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा विभाग राजभाषा कीर्ति पुरस्कार देता है। वर्ष 2016-17 से राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत आंशिक संशोधन करते हुए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (न.रा.का.स) को दिए जाने वाले पुरस्कारों की संख्या 3 से बढ़ा कर 6 कर दी गई है। 'क', 'ख' व 'ग' क्षेत्रों में स्थित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को दो-दो शील्ड प्रदान की जाएंगी एवं पुरस्कार विजेता नराकास के सदस्य-सचिव को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा । योजना की जानकारी राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध है।

33. राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यालयों में हिंदी में कार्य करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा का ज्ञान रखने वाले सरकारी कार्मिकों की हिंदी में काम करने की झिझक को दूर करना है । इन कार्यशालाओं में मुख्य रूप से सरकारी काम हिंदी में किए जाने का अभ्यास करवाया जाना चाहिए। यह अभ्यास संबंधित कार्मिकों के रोजमर्रा के कार्य से संबंधित होना चाहिए। कार्यशाला की न्यूनतम अवधि एक कार्य दिवस की होगी एवं कार्यशाला में न्यूनतम दो-तिहाई समय कार्यालय से संबंधित विषयों पर हिंदी में कार्य करने का अभ्यास करवाने में लगाया जाए ।

34. केंद्र सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हिंदी पदों का मानक राजभाषा विभाग द्वारा परिचालित किया गया है । यह मानक मंत्रालय/विभागों और संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों के साथ-साथ स्वायत्त निकायों पर भी लागू होते हैं । इसकी विस्तृत जानकारी राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध है ।

35. राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से हर वर्ष 5 दिवसीय 100 हिंदी कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है । इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिक से अधिक अधिकारियों/ कर्मचारियों को नामित करें । कार्यक्रम की जानकारी www.rajbhasha.gov.in पर भी उपलब्ध है ।

36. राजभाषा विभाग की पत्रिका राजभाषा भारती में प्रकाशित नियमित लेखों के लिए मानदेय की राशि बढ़ाकर 3000/- रु की गई है । इसी तरह विशेषांक में प्रकाशित लेखों के लिए मानदेय की राशि बढ़ाकर 5000/- रु की गई है ।

37. सभी मंत्रालय/विभाग हर तिमाही में हिंदी संगोष्ठी का आयोजन करें ।

38. गृह पत्रिकाओं में संगठन के कार्य-क्षेत्र संबंधी लेख अधिक से अधिक शामिल किए जाएं ताकि अधिकारी/कर्मचारी उससे संबन्धित शब्दावली से लाभान्वित हो सकें ।

39. राजभाषा अधिनियम,1963 की धारा 3(3) का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी कागजात द्विभाषी रूप में एक साथ जारी करें और जारी करते समय यह ध्यान रखा जाए कि हिंदी रूपांतर, अंग्रेजी के ऊपर रहे ।

40. 14 सितम्बर, 2016 से हिंदी में श्रुतलेख देने के लिए प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करके 5000/- रुपए कर दी गई है ।

41. सरकारी कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने के लिए आयोजित की जानेवाली कार्यशाला में प्रशिक्षण देने वाले अधिकारियों को मानदेय राशि दी जाती है । इसके अंतर्गत केंद्र/ राज्य सरकार के सेवारत अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए 75 मिनट के प्रति सत्र के लिए 500/- रुपए का पारिश्रमिक मानदेय होता है । किसी भी वक्ता को 1 वर्ष में पारिश्रमिक मानदेय के रूप में देय राशि 5000 रुपए से अधिक नहीं होगी । केंद्र /राज्य सरकार के सेवारत अधिकारियों/ कर्मचारियों को छोड़कर अन्य अतिथि वक्ताओं को 75 मिनट के प्रति सत्र के लिए 1000 रुपए का पारिश्रमिक मानदेय दिया जाता है । 5000 रुपए प्रति वर्ष देय पारिश्रमिक/ मानदेय की सीमा इस श्रेणी पर लागू नहीं होगी ।

42. कोई भी गैर सरकारी संस्था, राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा केंद्र सरकार के कर्मचारियों को राजभाषा का प्रशिक्षण देने के लिए अधिकृत नहीं की गई है । राजभाषा विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्रशिक्षण केंद्र पहले से ही देश भर में काम कर रहे हैं जो केंद्र सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण नि:शुल्क देते हैं एवं राजभाषा पर विचार-विमर्श के लिए कार्यशाला का आयोजन करते हैं । राजभाषा विभाग के निर्देशों के अनुसार सभी कार्यालय/बैंक/उपक्रम इत्यादि अपने - अपने कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित करते हैं । राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अंग्रेजी के अतिरिक्त 14 भारतीय भाषाओं के माध्यम से हिंदी भाषा का प्रशिक्षण ऑनलाइन दिए जाने की सुविधा उपलब्ध है । अतः गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा आयोजित किए जा रहे राजभाषा के प्रशिक्षण एवं कार्याशालाओं में भाग लेने के लिए सरकारी कोष से अनावश्यक धन खर्च करना वांछनीय नहीं है ।

43. केंद्र सरकार के मंत्रालयों/ विभागों /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त निकायों/ सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के मुख्यालय द्वारा राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के लिए समय- समय पर हिंदी गृह पत्रिकाएँ प्रकाशित की जाती हैं । इन पत्रिकाओं के कलेवर, साज सज्जा और लेखों की शैली में उल्लेखनीय प्रगति हुई है । हिंदी पत्रिकाओं को स्तरीय बनाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजभाषा विभाग द्वारा केंद्र सरकार की ओर से उल्लिखित संगठनों द्वारा प्रकाशित हिंदी गृह पत्रिकाओं के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रत्येक भाषाई क्षेत्र यथा 'क', 'ख' एवं 'ग' में इस योजना में 2-2 पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं । पुरस्कारों के अंतर्गत शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं । इस योजना के अंतर्गत नकद पुरस्कार देय नहीं हैं । पुरस्कार पाने हेतु पत्रिका में कम से कम 40 पृष्ठ होने चाहिए । हिंदी में पृष्ठों की संख्या कुल मुद्रित पृष्ठों की कम से कम 80 प्रतिशत होनी चाहिए। पत्रिका के 1 अप्रैल से 31 मार्च की अवधि के दौरान कम से कम 2 अंक प्रकाशित होने चाहिए ।

44. आधुनिक ज्ञान/ विज्ञान की विभिन्न विधाओं एवं राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मौलिक रुप से राजभाषा हिंदी में पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा विभाग राजभाषा गौरव पुरस्कार देता है । राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना की जानकारी राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध है।

45. राजभाषा विभाग ने अपनी वेबसाइट पर विभिन्न संस्थाओं के लिंक दे रखे हैं जिनके माध्यम से इन संस्थाओं की शब्दावली देखी जा सकती है । इस संबंध में यदि कार्यालयों द्वारा कोई अपनी शब्दावली तैयार की गई है, तो वह उसे विभाग से साझा करें ताकि बाकी कार्यालय भी लाभान्वित हो सकें ।

46. यह देखा गया है कि वेबसाइट पर या तो सूचना हिंदी में नहीं दी जाती या पूर्णतया हिंदी में उपलब्ध नहीं है। अपनी वैबसाइट सम्पूर्ण रूप से हिन्दी में विकसित करवाएं।

47. हिंदीतर राज्यों में बोर्ड, साइन बोर्ड, नामपट्ट तथा दिशा संकेतकों के लिए क्षेत्रीय भाषा, हिंदी तथा अंग्रेजी इसी क्रम में प्रयोग की जानी चाहिए ।

48. मैनुअल/कोड/फार्म आदि की पांडुलिपियों को द्विभाषी रूप में तैयार करा कर ही मुद्रण के लिए भिजवाया/स्वीकार किया जाए ।

*****



सम्पर्क में सहज - हिन्दी,
कार्य में सहज - हिन्दी,
बात में सरल - हिन्दी,
समझने में सरल - हिन्दी

हिंदी के प्रयोग के लिए वर्ष 2017-18 का वार्षिक कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्य विवरण	"क" क्षेत्र	"ख" क्षेत्र	"ग" क्षेत्र
1.	हिंदी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित)	1. क क्षेत्र से क क्षेत्र को 100% 2. क क्षेत्र से ख क्षेत्र को 100% 3. क क्षेत्र से ग क्षेत्र को 65% **4.** क क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/ व्यक्ति 100%	1 ख क्षेत्र से क क्षेत्र को 90% 2 ख क्षेत्र से ख क्षेत्र को 90% 3 ख क्षेत्र से ग क्षेत्र को 55% **4.**ख क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति 100%	1 ग क्षेत्र से क क्षेत्र को 55% 2 ग क्षेत्र से ख क्षेत्र को 55% 3 ग क्षेत्र से ग क्षेत्र को 55% **4.** ग क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति 85%
2.	हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना	100%	100%	100%
3.	हिंदी में टिप्पण	75%	50%	30%
4.	हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम	70%	60%	30%
5.	हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती	80%	70%	40%
6.	हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण (स्वयं तथा सहायक द्वारा)	65%	55%	30%
7.	हिंदी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि)	100%	100%	100%
8.	द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना	100%	100%	100%
9.	जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुल अनुदान में से डिजिटल वस्तुओं अर्थात् हिंदी ई-पुस्तक, सीडी/ डीवीडी, पैनड्राइव तथा अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद पर व्यय की गई राशि सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय।	50%	50%	50%
10.	कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद ।	100%	100%	100%
11.	वेबसाइट	100%(द्विभाषी)	100%(द्विभाषी)	100%(द्विभाषी)
12.	नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्डों आदि का प्रदर्शन	100%(द्विभाषी)	100%(द्विभाषी)	100%(द्विभाषी)

हिंदी के प्रयोग के लिए वर्ष 2017-18 का वार्षिक कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्य विवरण	"क" क्षेत्र	"ख" क्षेत्र	"ग" क्षेत्र
13.	(i) मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों (उ.स./निदे./सं.स.) द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण (कार्यालयों का प्रतिशत)	25%(न्यूनतम)	25%(न्यूनतम)	25%(न्यूनतम)
	(ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण	25%(न्यूनतम)	25%(न्यूनतम)	25%(न्यूनतम)
	(iii) विदेश में स्थित केंद्र सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण के अधीन कार्यालयों/उपक्रमों का संबंधित अधिकारियों तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण		वर्ष में कम से कम एक निरीक्षण	
14.	राजभाषा संबंधी बैठकें (क) हिंदी सलाहकार समिति (ख) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (ग) राजभाषा कार्यान्वयन समिति		वर्ष में 2 बैठकें वर्ष में 2 बैठकें (प्रति छमाही एक बैठक) वर्ष में 4 बैठकें (प्रति तिमाही एक बैठक)	
15.	कोड, मैनुअल, फॉर्म, प्रक्रिया और साहित्य का हिंदी अनुवाद	100%		



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक : 24.05.2016

श्री बी.सी. त्रिपाठी,महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि) द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक द्वारा बैठक में वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए

श्री बी.आर. साहू कलिहारी,सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा) द्वारा बैठक में प्रस्तुतिकरण करते हुए

राजभाषा एवं प्रबंधन विकास संस्था से श्री ओ पी मिश्रा, मुख्य प्रबंधक(सिविल) द्वारा ग्रहण किए राजभाषा शील्ड श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि) को सौंपते हुए

महानदी कोलफिल्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 24.05.2016 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एमसीएल के महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि) श्री बी.सी. त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि एमसीएल के सभी क्षेत्रों एवं विभागों में भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन संतोषजनक है। एमसीएल हिंदी पत्राचार एवं हिंदी टिप्पणी के मामले में लक्ष्य प्राप्त कर चुका है, धारा 3 (3) के क्षेत्र में भी प्रयास सराहनीय है। भारत सरकार की राजभाषा नीति का लक्ष्यानुरूप अनुपालन करना हमारी संवैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। एक सरकारी कर्मचारी होने के नाते सभी को स्वस्थ मानसिकता से लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्रध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण से संबंधित एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आगे उन्होंने एमसीएल में हो रहे राजभाषा कार्यों के बेहतर निष्पादन हेतु कई सुझाव भी प्रस्तुत किए।

श्री. बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक (सचिवीय/राजभाषा) द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिभागियो का स्वागत किया गया एवं मार्च, 2016 तिमाही के दौरान एमसीएल में किए गए राजभाषा कार्यान्वयन का विस्तृत बिवरण पावर प्वाइट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से सदन में प्रस्तुत किया गया साथ ही भारत सरकार, राजभाषा विभाग के वर्ष 2016-17 के वार्षिक कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई।

राजभाषा एवं प्रबंधन विकास संस्था, दिल्ली द्वारा कन्याकुमारी में 17 से 19 मई, 2016 तक आयोजित राजभाषा सेमिनार में **"उत्कृष्ट कार्यन्वयन के लिए एमसीएल को राजभाषा शील्ड"** से नवाजा गया, जिसे श्री ओम प्रकाश मिश्र, मुख्य प्रबंधक (सिविल), एमसीएल द्वारा ग्रहण किया गया एवं बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय को सुपुर्द किया गया।

बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों के प्रमुख/प्रतिनिधि तथा भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक उपस्थित हुए।

श्री ओम प्रकाश मिश्रा, मुख्य प्रबंधक (सिविल), एमसीएल मुख्यालय द्वारा बैठक अतिथियों/प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक : 28.07.2016

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 28.07.2016 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एमसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री लीला नंद मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि एमसीएल के सभी क्षेत्रों एवं विभागों में भारत सरकार की राजभाषा नीति का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसके लिए संसाधनों की कमी नहीं बल्कि क्षेत्रीय महाप्रबंधकों एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की सकारात्मक सहयोग की जरुरत है। भारत सरकार की राजभाषा नीति के पूर्ण अनुपालन हेतु एमसीएल कृत संकल्प है इसके लिए हम सभी को स्वस्थ मानसिकता से लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

श्री बी.सी.त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबं.प्रशि.सं./रा.भा/मा.सं.वि./कौशल विकास)-सह-सर्वकार्यभारी अधिकारी, हिंदी शिक्षण योजना, भारत सरकार द्वारा अध्यक्ष महोदय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तत्पश्चात उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उन्होंने एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन को दृष्टिगत करते हुए केंद्र सरकार द्वारा राजभाषा हिंदी के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु क्षेत्रों एवं विभागीय प्रमुखों से सक्रिय सहयोग हेतु अनुरोध किया।

श्री बी.आर. साहु कलिहारी, सहायक प्रबंधक (सचिवीय/राजभाषा) द्वारा गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई की पृष्टि की गई। 18 एवं 21 जुलाई, 2016 को विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोयला मंत्रालय द्वारा की गई एमसीएल की राजभाषायी समीक्षा संबंधी संक्षिप्त रिपोर्ट पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से सदन में प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/मुख्य राजभाषा अधिकारी, नामित राजभाषा अधिकारीगण के साथ-साथ भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के डॉ. हरिश्चंद शर्मा, हिंदी प्राध्यापक कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

श्री एल.एन. मिश्रा,निदेशक(कार्मिक) द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए

बैठक में श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्र.प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि) द्वारा निदेशक(कार्मिक) श्री एल.एन.मिश्रा का स्वागत करते हुए

श्री ए.के.जयपुरिया,वरि. प्रबंधक/नामित राजभाषा अधिकरी द्वारा श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्र.प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि) का स्वागत करते हुए

श्री ए.के. जयपुरिया,वरि. प्रबंधक/नामित राजभाषा अधिकरी द्वारा डॉ.हरिश्चन्द्र शर्मा, हिंदी प्राध्यपक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर का स्वागत करते हुए

श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्र.प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि) द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक : 27.10.2016

बैठक को संबांधित करते हुए में श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्र. प्रशि.सं./राजभाषा/ मासंवि)

बैठक को संबांधित करते हुए श्री एल.एन.मिश्रा, निदेशक (कार्मिक)

बैठक का दृष्य

बैठक का दृष्य

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 27.10.2016 को श्री एल. एन. मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान/राजभाषा/मा.सं.वि.) श्री बी.सी. त्रिपाठी ने अध्यक्ष महोदय एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विभागों एवं क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को राजभाषा नीतियों के शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हेतु अपील की।

अध्यक्ष महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि एमसीएल के सभी क्षेत्रों एवं विभागों में भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन हो रहा है इसे और त्वरान्वित करने की आवश्यकता है। भारत सरकार की राजभाषा नीति का लक्ष्यानुरुप अनुपालन करना हमारी संवैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। अतः हम सभी को स्वस्थ मानसिकता से लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर रहना है।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक (सचिवीय/राजभाषा) द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कारवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में जून, 2016 एवं सितम्बर, 2016 तिमाहियों की तुलनात्मक समीक्षा की गई। तिमाही के दौरान एमसीएल में निष्पादित राजभाषा कार्यान्यन की गतिविधियों को पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से सदन में प्रदर्शित किया गया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किया गया।

बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, नामित राजभाषा अधिकारी तथा भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक उपस्थित हुए। श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक (सचिवीय/राजभाषा) द्वारा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. हरिश्चंद्रशर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,संबलपुर द्वारा हिंदी प्रशिक्षण संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक : 31.01.2017

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 31.01.2017 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एमसीएल के महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशि. संस्थान / राजभाषा /मासंवि) श्री बी. सी. त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रबंधक/मुख्य नामित राजभाषा अधिकारी, नामित राजभाषा अधिकारी/सहायकगण के साथ-साथ भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के हिंदी प्राध्यापक डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा उपस्थित हुए।

अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री त्रिपाठी ने कहा कि एमसीएल राजभाषा नीति का शतप्रतिशत अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प है, इसके लिए जितनी मेहनत करनी हो किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि हाल ही में प्राप्त कोल इंडिया के पत्र के अनुसार सभी क्षेत्रों में प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी कार्यशाला आयोजित किया जाना अपेक्षित है।

महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशि. संस्थान/राजभाषा/मासंवि) ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि एमसीएल में राजभाषा अनुपालन की स्थिति बेहतर है और इसे कायम रखने की आवश्यकता है। राजभाषा हिंदी जनभाषा एवं संपर्क की भाषा है, जो सहज, सरल एवं मधुर है। इसे हर भारतीय को व्यवहार में लाना चाहिए। यह हमारे संविधान से जुडी हुई भाषा है अत: हिंदी में कार्य करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण पर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं प्रत्येक तिमाही में हर क्षेत्र/इकाई द्वारा नियमित रूप से बैठक एवं कार्यशाला के आयोजन पर जोर दिया गया।

श्री बी. आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक (सचीवीय/राजभाषा), राजबाषा विभाग, मुख्यालय द्वारा बैठक के संचालन के साथ-साथ बैठक में उपस्थित अतिथियों/प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान/ राजभाषा/ मासंवि)

श्री बी.आर. साहु कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा), एमसीएल द्वारा बैठक का संचालन करते हुए

डॉ. हरिशचंद्र शर्मा,हिंदी प्रशिक्षण शिक्षण योजना, संबलपुर द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए

हिंदी दिवस तथा राजभाषा पखवाड़ा -2016 का उद्घाटन समारोह :-

श्री ए.के.झा,अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक महोदय का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्र.प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि)

